an>

title: Regarding proper allocation of funds for Central Schemes in Bhandara-Gondia Constituency of Maharashtra.

**श्री नाना पटोले (भंडारा-गोंदिया) :** अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से शिक्षा के विÂषय में एक बहुत महत्वपूर्ण प्रश्न सदन के समक्ष रखता हूं। सर्व शिक्षा अभियान योजना केन्द्र सरकार द्वारा 2001 में शुरू की गई। लेकिन हमारे देश के स्कूलों में जहां प्राइमरी शिक्षा के लिए जो कमरे, कम्पाउंड वॉल, खेलने का सामान तथा अन्य चीजें चाहिए थीं, इस योजना के माध्यम से वे चीजें मिलनी शुरू हुई। लेकिन पिछले पांच सालों में इस व्यवस्था को रोकने का काम हुआ और उसका परिणाम यह हुआ कि आज देहातों में पेड़ों के नीचे बच्चे पढ़ते हैं। एक तरफ सरकार शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 देश में लाई और दूसरी तरफ आज भी ग्रामीण एरियाज में बच्चों को पढ़ने के लिए सिम्पल रूम्स भी उपलब्ध नहीं हैं। ऐसी स्थिति आज हमारे देश में पैदा हो गई है।

महोदया, मैं जिस एरिया से आता हूं, हमारा जिला नक्सलग्रस्त आदिवासी बहुल एरिया है। वहां सर्व शिक्षा अभियान योजना के अंतर्गत मंजूर हुए सभी कार्य निर्धारित अवधि में पूरे किये गये थे। बावजूद इसके सरकार द्वारा आबंटित राशि प्राप्त न होने के कारण आज वित्तीय संकट खड़ा हो गया है। वर्ष 2016-17 के लिए मंजूर बजट की राशि के माध्यम से सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत गोंदिया और भंडारा जिलों में स्कूलों को भौतिक सुविधाएं जैसे कमरों का निर्माण, कम्पाउंड वॉल, पीने का स्वच्छ पानी तथा शौचालय आदि की व्यवस्था करने के लिए कुल बजट की 33 प्रतिशत राशि का आबंटन करने का प्रावधान किया गया है।

महोदया, मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि आज एक तरफ हम बच्चों को पढ़ाने की सुविधाओं के बारे में बातें करते हैं और दूसरी तरफ कम राशि के माध्यम से बच्चों को पढ़ने की सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई जा रही हैं।

अतः मैं सरकार को बताना चाहता हूं कि त्वरित रूप से सरकार यह राशि उपलब्ध कराये, ताकि गावों में जिन स्कूलों में रूम आदि की सुविधाएं नहीं हैं, उन्हें शीघ्र पूरा कराया जा सके। धन्यवाद।

HON. SPEAKER:

Shri C P Joshi,

Shri Sudheer Gupta,

Shri Rodmal Nagar,

Kunwar Pushpendra Singh Chandel,

Shri Bhairon Prasad Mishra are permitted to associate with the issue raised by Shri Nana Patole.